केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

**सीबीएसई/मीडिया व जन-संपर्क/करियर परामर्श/2025** **दिनांक: 08.05.2026**

सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों/संस्थानों के
सभी प्रधानाचार्य/विद्यालय प्रमुख

**विषय: प्राचार्यों एवं परामर्शदाताओं के लिए प्रवेश परीक्षाओं एवं करियर मार्गदर्शन पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में।**

**महोदया/महोदय,**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों में करियर परामर्श प्रणाली को सुदृढ़ करने तथा विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों में उच्च शिक्षा एवं करियर मार्गदर्शन के संबंध में जागरूकता बढ़ाने हेतु समय-समय पर करियर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इसी क्रम में, प्रवेश परीक्षाओं एवं करियर मार्गदर्शन पर एक अभिविन्यास/ जागरूकता कार्यक्रम निम्न विवरणानुसार आयोजित किया जा रहा है:

| तिथि | समय | स्थल / विद्यालय | पंजीकरण लिंक |
|---|---|---|---|
| 29 मई 2026 | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक (रिपोर्टिंग: प्रातः 9:30 बजे) | जम्मू संस्कृति स्कूल, जम्मू - 181132 | https://forms.gle/MBKTQejqgqofAmYJ6 |

यह कार्यक्रम दिनांक 19.01.2026 के सीबीएसई परिपत्र संख्या CBSE/Aff./Circular/2026 (परिपत्र संख्या 02/2026) में उल्लिखित प्रावधानों एवं उद्देश्यों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है, ताकि विद्यालयों में काउंसलिंग सेवाओं को सुदृढ़ किया जा सके एवं विद्यार्थियों को जानकारीयुक्त करियर निर्णय लेने हेतु प्रोत्साहित किया जा सके।

**अपेक्षित परिणाम:**

- प्राचार्यगण एवं परामर्शदाताओं को छात्र मार्गदर्शन हेतु प्रभावी साधनों से युक्त करना।
- प्रशिक्षुता, छात्रवृत्ति एवं उच्च शिक्षा से संबंधित अवसरों की जानकारी साझा करना।
- करियर परामर्श पद्धतियों को एनईपी 2020 के अनुरूप बनाना।
- विविध एवं उभरते करियर संभावनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना।

**महत्वपूर्ण बिंदु:**

- सीमित सीटें; पंजीकरण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।
- चयनित प्रतिभागियों को पुष्टि ईमेल से भेजी जाएगी।
- कोई पंजीकरण शुल्क नहीं है। तथापि, यात्रा एवं आवास व्यय (TA/DA) प्रतिभागियों द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा।

अतः प्रधानाचार्यों/उप-प्रधानाचार्यों एवं परामर्शदाताओं से अनुरोध है कि वे विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम में पंजीकरण कर सहभागिता सुनिश्चित करें। किसी भी जानकारी/स्पष्टीकरण हेतु cbsecareer.counseling@gmail.com पर संपर्क करें।

शुभकामनाओं सहित,

हस्ता/-

**(हिमांशु गुप्ता)**
**सचिव**

**प्रतिलिपि: निम्नलिखित संबंधित विद्यालयों, निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में यह सूचना प्रसारित करने के अनुरोध सहित:**

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, नोएडा-201309
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार
4. सचिव, सैनिक स्कूल सोसाइटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के निकट, पोस्ट ऑफिस सैनिक स्कूल नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
7. जन अनुदेशन निदेशक (स्कूल), संघ राज्य क्षेत्र सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम -737101
9. स्कूल शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर -791111
10. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर - 744101
11. स्कूल शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नं.101-102, भूतल, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल - लद्दाख
12. स्कूल शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेया टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश - 521456
13. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन, ईएसएसईएसएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर -3, रोहिणी, दिल्ली
14. अपर महानिदेशक, सेना शिक्षा, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
15. सचिव, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नं. 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट-110010
16. राज्य परियोजना निदेशक, ओडिशा आदर्श स्कूल संगठन, नंबर-1/9, नयापल्ली, पी.ओ. सैनिक स्कूल, भुवनेश्वर, जिला-खोर्दा, ओडिशा-751005
17. अध्यक्ष, सीबीएसई के संयुक्त सचिव
18. सभी निदेशक/विभागाध्यक्ष, सीबीएसई
19. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारीगण को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्ध सभी स्कूलों के प्रमुखों को यह परिपत्र भेजें।
20. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव, सीबीएसई
21. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, सीबीएसई
22. संयुक्त सचिव (आईटी इकाई),सीबीएसई को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करें।

हस्ता/-

**सचिव**